भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 4506
गुरुवार, 19 मार्च, 2026/28 फाल्गुन, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पठानकोट हवाई अड्डे से उड़ानें

4506. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावाः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्तमान में पठानकोट हवाई अड्डे से कोई भी उड़ान संचालित नहीं हो रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार पठानकोट हवाई अड्डे को 'उड़ान' योजना के अंतर्गत लाने और वहां से उड़ान संचालन शुरू करने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग) : उड़ान योजना के तहत एलाइंस एअर द्वारा निर्धारित तीन वर्ष की व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) अवधि के लिए दिल्ली-पठानकोट मार्ग पर परिचालन के लिए पठानकोट हवाईअड्डे को कार्यशील किया गया था।

बाद में, मांग और परिचालन साध्यता के आधार पर निरंतर क्षेत्रीय हवाई संपर्क सुनिश्चित करने के लिए उड़ान 5.4 दौर में बोली लगाने के लिए इस मार्ग की पुन: पेशकश की गई। हालांकि, बोली लगाने वाली एयरलाइन जेटविंग्स एयरवेज से इस मार्ग पर परिचालन के लिए अभी तक कोई पक्का प्रस्ताव नहीं मिला है।

*****